पेज थ्री देहरादून

तीर्थ नगरी के तीन पौराणिक शिवालयों में जलाभिषेक करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।



# हमारा दून

देहरादून, शनिवार, 6 नवंबर 2021



## संक्षिप्त समाचार

### तीन पौराणिक शिवालयों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जलाभिषेक

**संवाददाता** ऋषिकेश। उत्तराखंड कांग्रेस के अध्यक्ष गणेश गोदियाल के आह्वान पर ऋषिकेश महानगर कांग्रेस ने क्षेत्र के तीन शिवालयों में जलाभिषेक किया गया। इस दौरान पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के केदारनाथ दौरे को आड़े हाथ लिया। उनका कहना है कि भाजपा सरकार ने देवस्थानम बोर्ड गठन कर तीर्थपुरोहितों के हक–हकूक पर कुठाराघात करने का काम किया है। कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महन्त विनय सारस्वत ने कहा कि हकीकत ये है कि आपदा के बाद जबसे भाजपा सरकार आई है, तबसे केदारनाथ धाम के विकास के कार्य ठप पड़े हैं।

### भाई दूज का त्योहार आज, बहनें करेंगी भाई की सुख–समृद्धि की कामना

**संवाददाता** देहरादून। भाई–बहन के स्नेह का प्रतीक भाई दूज (भैया दूज) पर्व आज मनाया जाएगा। पूजा का शुभ मुहूर्त दोपहर एक बजकर 10 मिनट से लेकर तीन बजकर 21 मिनट तक रहेगी। भाई दून के लिए दून के बाजारों में गिफ्ट आइटम से लेकर पूजा सामग्री की खूब खरीदारी हो रही है। इस बार बहन–भाइयों में भाई दूज को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि भाई दूज अथवा यम द्वितीया का पर्व मनाया जाता है। दीपावली के दो दिन बाद रक्षाबंधन की तरह मनाये जाने वाले इस पर्व पर बहन भाई के माथे पर तिलक लगाती है।

### मुख्यमंत्री ने जताया आभार तो प्रधानमंत्री मोदी ने थपथपाई पीठ

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में हुए विकास कार्य का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया, तो प्रधानमंत्री ने भी कोरोना वैक्सीनेशन की शत–प्रतिशत पहली डोज के लिए प्रदेश सरकार की पीठ थपथपाई। साथ ही उन्होंने धामी को युवा एवं ऊर्जावान मुख्यमंत्री बताते हुए कहा कि विकास कार्यों से उत्तराखंड नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

### खुशहाली और समृद्धि के लिए ऋषिकेश महापौर ने किया रुद्राभिषेक

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश नगर निगम की महापौर अनीता ममगाईं ने ऋषिकेश के समस्त नागरिकों को गोवर्धन पूजा महोत्सव की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने पौराणिक सिद्वपीठ वीरभ्रदेश्वर महादेव मंदिर में गोवर्धन पूजा महोत्सव के पावन अवसर पर शहरवासियों की मंगलकामना के संकल्प के साथ रुद्राभिषेक किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक अनुष्ठान की शुरुआत भगवान शंकर के पुत्र भगवान गणेश की पूजा–अर्चना के साथ हुई।

# उत्तराखण्ड के प्रति प्रधानमंत्री का है विशेष लगावः मुख्यमंत्री

**लोकार्पण**

■ आदि शंकराचार्य की प्रतिमा तथा समाधि स्थल का किया अनावरण एवं लोकार्पण

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का हिमालय तथा यहां पर स्थित मंदिरों से विशेष लगाव रहा है। चाहे कैलाश मानसरोवर की यात्रा हो अथवा केदारपुरी में तप एवं ध्यान साधना हो, यहां की भूमि से आपने सदैव एक असीम आध्यात्मिक दिव्य ऊर्जा प्राप्त की है, जिसने आपको निरंतर भारत वर्ष के समग्र कल्याण का कार्य करने की शक्ति दी है। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म संस्कृति में आदि गुरु शंकराचार्य जी को कौन नहीं जानता। वे भारत की राष्ट्रीय एवं आध्यात्मिक चेतना के सूत्रधार थे। भारत की गौरवशाली संस्कृति, परंपराओं, वेदों एवं उपनिषेदों के असीम ज्ञान के संरक्षण व संवर्धन का श्रेय आदिगुरू शंकराचार्य जी को ही जाता है। उनकी इसी



महान परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य आज हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा है। भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म के इतिहास का महत्वपूर्ण अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारधाम के पुनर्निर्माण एवं आदि गुरु शंकराचार्य जी की समाधि की पुनर्स्थापना के लिए आदि गुरु जैसी ही जिजीविषा, संकल्प और धैर्य की आवश्यकता थी, जो प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में परिलक्षित होती है। आज का दिन भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी जी के निर्देशन में केदारपुरी में जहां प्रथम चरण के 225 करोड़ के कार्य पूर्ण हो चुके हैं वहीं 184 करोड़ के कार्य द्वितीय चरण में गतिमान है। इसके साथ ही बद्रीनाथ धाम के मास्टर प्लान के लिए जहां 245 करोड़ रूपये से अधिक स्वीकृत हो चुके हैं। वहीं गंगोत्री व यमनोत्री के लिए भी करोड़ों रूपये के कार्य स्वीकृत हो चुके हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री जी जो कहते हैं, जो सोचते हैं, वही अन्तोत्गत्वा करते हैं।

**पीएम के नेतृत्व में सम्पूर्ण विश्व में बढ़ रहा है भारत तथा भारतीय संस्कृति का मान, सम्मान एवं स्वाभिमानः** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज भारत एवं भारतीय संस्कृति का मान, सम्मान, स्वाभिमान संपूर्ण विश्व में बढ़ रहा है तथा भारत विश्व गुरू के पद पर पुनः आरूढ़ होने के लिए तैयार हो रहा है। देश में जो कार्य कभी नामुमकिन से प्रतीत होते थे वे आज पूर्णता की ओर बढ़ रहे हैं। चाहे वो राम मंदिर का मुद्दा हो, धारा 370 का मुद्दा हो, तीन तलाक का मुद्दा हो या शक्तिशाली भारत के सम्पूर्ण विकास की बात हो।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धाम ने राज्य में चल रही केन्द्र की परियोजनाओं का जिक्र करते हुए राज्य सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं।

### राज्य के विकास में मिल रहा है केन्द्र सरकार का भरपूर सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से राज्य में ऐसे बहुत से काम हुए हैं, जो पहले नामुमकिन लग रहे थे। पिछले पांच वर्षों में केन्द्र सरकार द्वारा करीब एक लाख करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाएं प्रदेश के लिये स्वीकृत हुई है। जिनमें से बहुत सी योजनाएं पूर्ण हो चुकी है और अन्य पर कार्य चल रहा है। हम पहाड़ में रेल का सपना देखते थे। मोदी जी ने इस सपने को साकार किया है। आज ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना तथा सामरिक दृष्टि एवं भौगोलिक दृष्टि से महत्वपूर्ण टनकपुर–बागेश्वर रेल परियोजना पर तेजी से काम हो रहा है। इसी प्रकार चार धाम ऑल वेदर रोड, भारत माला प्रोजेक्ट पर भी तीव्र गति से काम किया जा रहा है। चार धाम यात्रा उत्तराखण्ड के लिए लाइफ लाईन है और ये परियोजनाएं जहां चारधाम यात्रा को सुगम बनाएंगी, पर्यटन को बढ़ावा देगी वहीं हमारी अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन भी लाएगी।


# आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर बढ़ रहे

**नेतृत्व**

■ पीएम के नेतृत्व में संचालित हो रहा सबसे बड़ा 'सबको वैक्सीन–मुफ्त वैक्सीन' अभियान

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों से हम कोरोना महामारी से जूझ रहे हैं। परन्तु प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने जहां एक ओर इस महामारी से डटकर मुकाबला किया है, वहीं विकास की गति को भी आगे बढ़ाया है। यह प्रधानमंत्री का ही नेतृत्व है कि देश में दुनिया का सबसे बड़ा कोविड वैक्सीनेशन अभियान 'सबको वैक्सीन–मुफ्त वैक्सीन' चल रहा है। पूरी दुनिया में इसकी



सराहना की जा रही है।

प्रदेश सरकार ने भी सफलतापूर्वक कोविड की प्रथम डोज को लगाने का लक्ष्य समय से पूर्व ही शत प्रतिशत प्राप्त कर लिया है। साथ ही दूसरी डोज भी करीब 50 प्रतिशत लोगों को लगाई जा चुकी है। कोरोना महामारी से प्रभावित पर्यटन, परिवहन, क्षेत्रों के लिये 200 करोड़ का राहत पैकेज, स्वास्थ्य क्षेत्र की मजबूती एवं इससे जुड़े कार्मिकों को प्रोत्साहन हेतु 205 करोड़ तथा महिला सशक्तिकरण एवं रोजगार को बढ़ावा देने के लिये 118 करोड़ का राहत पैकेज प्रदान किया जा रहा है। यह राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लोगों के खातों में भेजी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, जन–स्वास्थ्य, बिजली, पानी, कनेक्टिविटी, रोजगार, महिला एवं बाल विकास, खेती–किसानी, सिंचाई हर क्षेत्र में उत्तराखंड ने पिछले पांच वर्षों में अभूतपूर्व तरक्की की है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हमारी सरकार उत्तराखंड में जो विकास कार्य कर रही है वे ''न भूतो न भविष्यति'' हैं।

हमारी सरकार ने जहां 24 हजार सरकारी पदों को भरने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है, वहीं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना तथा नैनो उद्यम योजना के द्वारा हम लाखों को स्वरोजगार द्वारा आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर बढ रहे हैं।

### हेलीपैड से मंदिर तक पैदल गए पीएम मोदी

**संवाददाता** देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देवभूमि उत्तराखंड से लगाव किसी से छुपा नहीं है। वे कई बार बाबा केदार के दर्शनों को यहां आ चुके हैं। एक बार पीएम मोदी केदारनाथ धाम पहुंचे। विशेष विमान से हेलीपैड पर पहुंचने के बाद वे मंदिर के लिए पैदल ही निकल पड़े। हालांकि, हेलीपैड पर ऑल टेरिन वाइकल भी रखा गया था, लेकिन पीएम मोदी ने पैदल मंदिर तक पहुंचने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखंड दौरे को लेकर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर पुलिस अलर्ट मोड पर रही। एयरपोर्ट के चारों ओर चप्पे–चप्पे पर पुलिस तैनात रही। राज्यपाल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी,केबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल के अलावा कई विधायक और मंत्री पीएम मोदी के स्वागत के लिए जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मौजूद रहे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।